तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026



11 क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में तपेश्वरी ...



11 कोंटा के दूरस्थ गांवों में पहुंचकर कलेक्टर...



## खबर संक्षेप

### रंग पंचमी पर रंग-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



**कांकेर।** शहर में रंग पंचमी का त्योहार उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों में बच्चों और युवाओं ने रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी। रंगों से भरा रंग पंचमी का त्योहार सिर्फ होली का समापन नहीं बल्कि आस्था और भक्ति का खास दिन भी है। जिले में रंग पंचमी बेहद धूमधाम से मनाया गया। इस दिन गुलाल उड़ाने और पूजा में खास रंग अर्पित करने की परंपरा चली आ रही है। बच्चों ने सड़कों पर रस्सी बांधकर राहगीरों का रास्ता रोक लिया और उन्हें रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान राहगीरों ने भी बच्चों के साथ हंसी-मजाक करते हुए रंग-गुलाल लगवाया और त्योहार की खुशियों में शामिल हुए। शहर के अलग-अलग इलाकों में सुबह से ही रंग-गुलाल का माहौल देखने को मिला। बच्चे और युवा एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल उड़ाकर रंग पंचमी का आनंद लेते नजर आए। कई जगहों पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ भी उत्सव मनाया।

### 15 को मनाई जाएगी मां कर्मा की जयंती

**कांकेर।** साहू समाज द्वारा 15 मार्च को माॅं कर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर कांकेर शहर में सुबह 11 बजें से शहर के साहू सदन में माता कर्मा का पूजा अर्चना कर और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही साहू समाज द्वारा ग्रामीण स्तर, परिक्षेत्र और ब्लॉक स्तर पर भी कर्मा जयंती मनाते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### डबरी में मिला युवक का शव, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम मरोड़ा निवासी 23 वर्षीय अर्जुन ध्रुवा पिता स्व. झिटकुराम का अज्ञात कारणों के चलते 6 मार्च की रात को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव ग्राम मरोड़ा के डबरी में देखा गया। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। मृतक की मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट तीन पर मामला दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर के आवासपारा इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना 7 मार्च की सुबह करीब 10 बजें हुई, जहां तीन लोगों ने एक युवक के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा पखांजुर निवासी 32 वर्षीय राजेन्द्र नाग पिता स्व. मंशाराम नाग ने पुलिस को बताया कि वह निजी ठेकेदार कंपनी में स्मार्ट मीटर लगाने का काम करता है। घटना के दिन वह अपने दोस्त रज्जू उसेंडी के घर आवासपारा पखांजुर घूमने गया था और घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान पुरानी बात को लेकर आवासपारा पखांजुर निवासी कुलदीप सिंह, हरदीप सिंह और दुर्गसाय कड़ियाम वहां पहुंचे और उसे गाली-गलौच करने लगे। तीनों ने अपशब्द कहते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट की, जिससे ▸▸शेष पेज 10 पर

# महिला से छेड़छाड़ व लूटपाट के आरोप में दो गिरफ्तार में एक अपचारी बालक

## मोबाइल, पर्स व पैसे लूटे व महिला को जान से मारने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अलग खबर

माकड़ी से भानुप्रतापपुर के लिए कार से लिफ्ट लेकर जा रही महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए महिला के पास रखे मोबाईल, पर्स एवं पैसे को लूटपाट किया एवं जान से मारने की नियत से चलती गाड़ी से नीचे फेंक देने की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा।

प्रार्थीया कोरर पुलिस को बताया कि 7 मार्च को ग्राम माकड़ी से भानुप्रतापपुर के लिए एक ईको वेन कार से लिफ्ट लेकर जा रही थी। इसी दौरान गांव कुर्री के पास आरोपी द्वारा छेड़छाड़ करते हुए इसके पास रखे मोबाईल, पर्स एवं पैसे को लूटपाट किया एवं जान से मारने की नियत से चलती गाड़ी से नीचे फेंक दिया। थाना कोरर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पता साजी की जा रही थी। पता साजी के दौरान जानकारी मिला कि एक ईको वेन ग्राम हाटकर्रा की ओर से अत्यधिक गति से आ रहा है। हाटकर्रा चैक कोरर में एमसीपी लगाकर वाहन को रोककर चालक को थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध कबूल करने पर वाहन क्रमांक ▸▸शेष पेज 10 पर

### चोरी के वाहन से दिया घटना को अंजाम

आरोपियों के द्वारा 7 मार्च को धमतरी जिला के ग्राम दुगली के पास से एक ईको वेन को चोरी कर लाया था। माकड़ी चैक से सवारी मिलने पर महिला के साथ ग्राम कुर्री में छेड़छाड कर लूटपाट करने लगा और भानबेड़ा में चलती गाड़ी से फेंक दिया।



दुर्ग के फार्महाउस में 10 एकड़ में अफीम की खेती का दावा

# भाजपा के संरक्षण में नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

दुर्ग जिले के समोदा गांव में स्थित एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती की जा रही थी। यह खेती भाजपा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकर द्वारा करवाई जा रही थी। विनायक ताम्रकर भाजपा के दुर्ग जिले के किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश संयोजक बताए जा रहे हैं। विनायक ताम्रकर की तस्वीरें कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ सोशल मीडिया में मौजूद हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, तोखन साहू, गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल तथा भाजपा के राष्ट्रीय नेता अजय जामवाल और शिवप्रकाश सहित अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें होने का दावा किया गया है। बिना सत्ता के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती संभव नहीं है। ▸▸शेष पेज 10 पर

कांग्रेस द्वारा राजीव भवन कांकेर में 8 मार्च को प्रेस वार्ता कार्यक्रम आयोजित कर छत्तीसगढ़ में अवैध नशे के कारोबार और अफीम की खेती को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस वार्ता कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी मौजूद रहे। उन्होने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती का खुलासा हुआ है, जिसमें भाजपा से जुड़े एक नेता का नाम सामने आने का दावा किया जा रहा है।

### यह रहे उपस्थित

प्रेस वार्ता कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बसंत यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप, प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, गुरजीत सिंह ढांढीशा, हेमंत ध्रुव, गफ्फार मेमन, अजय भासवाणी, संग्राम नेताम, मनोज जैन, नंदू राठी, विजय यादव, गोपाल राठी, मनीष योगी, मुकेश तिवारी, राजू दुबे, सुमित राय, जितेंद्र वैध, सोमेश सोनी, पांचू नायक, आदर्श गुप्ता, अमन गायकवाड, अमित साहू और अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश शर्मा की उपस्थिति में हुई पत्रवार्ता में किया खुलासा



### ड्रग पेडलरों के नाम छुपाने का आरोप

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि ड्रग पेडलरों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता की जा रही है और कई मामलों में आरोपियों के नाम छुपाए जा रहे हैं। विधानसभा में पूछे गए सवालों पर भी सरकार ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में प्रदेश में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आ रही है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### प्रदेश में बढ़ रहा नशे का कारोबार

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में जुआ, सट्टा, शराब तस्करी और नशे का कारोबार बढ़ गया है। उनका कहना है कि शहरों के बाहरी इलाकों में संचालित कई कैफे युवाओं को नशा परोसने के केंद्र बनते जा रहे हैं।

### नाबालिगों में बढ़ती नशे की लत पर चिंता

कांग्रेस ने दावा किया कि 10 से 17 वर्ष तक के लाखों नाबालिग बच्चे सूखे नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं और नशे के कारण सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है।

### सरकार पर संरक्षण देने का आरोप

कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश में अवैध नशे के तस्करों, बिचौलियों और ड्रग पेडलरों को संरक्षण दिया जा रहा है। नशीली दवाएं, प्रतिबंधित गोलियां और अन्य अवैध नशे गली-मोहल्लों में खुलेआम बिक रहे हैं और यह नाबालिगों तक भी पहुंच रहे हैं।

आरोपी जेल दाखिल

## पुरानी रंजिश के कारण जानलेवा किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम सिरसिदा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी अजीत कुमार को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरी कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के करीबी पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। 6 मार्च की शाम लगभग 05:30 बजे प्रार्थी सिरसिदा निवासी टिकेश्वर टांडिया गांव की नर्सरी की ओर गया था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे आरोपी अजीत मरकाम ने पुरानी बातों को लेकर विवाद शुरू कर दिया। टिकेश्वर को अकेला पाकर आरोपी ने गालियां दीं और अचानक अपने पास रखे किसी धारदार हथियार से प्रार्थी की गर्दन पर हमला कर दिया। हमले में टिकेश्वर को गंभीर चोट आई, जिसके बाद भी आरोपी उसे मारने के लिए पीछे दौड़ा। घायल युवक ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना चारामा में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 118 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 मार्च को आरोपी सिरसिदा निवासी 26 वर्षीय अजीत कुमार पिता संतराम मरकाम उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में सउनि दुष्यंत दीवान और आरक्षक तरुण सिन्हा की विशेष भूमिका रही।



## बढ़ती महंगाई पर कांग्रेस ने पीएम का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष बसंत यादव के नेतृत्व में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऊपर नीचे रोड के पास पुतला दहन करके भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। 1 अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि इस देश में लगातार आम जन को परेशान करने का काम बीजेपी की सरकार कर रही है। लगातार महंगाई बढ़ रही है और फिर से एक बार रसोई गैस व कमर्शियल गैस के रेट में वृद्धि करके गरीब और माध्यम वर्ग के लोगों को लूटने का ▸▸शेष पेज 10 पर

## डाइट में राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस मनाया गया



**कांकेर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की जिला इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उपप्राचार्य भुवन जैन तथा अध्यक्षता जिला समन्वयक पवन कुमार सेन ने किया। मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों ने वैज्ञानिक सोच और नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रंगोली, भाषण, चित्रकला ▸▸शेष पेज 10 पर

## आवास एवं रोजगार योजना की समीक्षा में हर परिवार को पक्का घर देने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राऊरवाही में शासन के निर्देशानुसार आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों की प्रगति का जायजा लेना तथा ग्रामीणों को रोजगार और आवास संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत में स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन आवासों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जो अब तक अप्रारंभ हैं या लंबे समय से निर्माणाधीन हैं। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने तकनीकी अमले और पंचायत प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हितग्राहियों के अधूरे आवासों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और प्रत्येक ▸▸शेष पेज 10 पर

राऊरवाही में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस मनाया गया



## जन्मदिन मनाने निकले दो किशोरों की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



सड़क हादसे में जन्मदिन मनाने निकले छह दोस्तों में से दो की मौत और चार की हालत गंभीर

जन्मदिन मनाने जा रहे युवकों की कार राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गोविंदपुर ढलान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार उदयनगर कांकेर निवासी 17 वर्षीय वेदांत पटेल का 6 फरवरी को जन्मदिन था। सुबह करीब 4:30 बजे उसका दोस्त भावेश गजबल्ला अपनी स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 19 बीएच 0146 लेकर मोहल्ले पहुंचा और वेदांत पटेल व उसके दोस्त युवराज कल्लो को ढाबा में जन्मदिन मनाने के लिए साथ ले गया। ढाबा जाते समय गोविंदपुर ढलान के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में वेदांत पटेल और युवराज कल्लो को गंभीर चोटें आईं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार चालक भावेश गजबल्ला और हर्ष मशीह घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने कार चालक गोविंदपुर निवासी भावेश गजबल्ला के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में ▸▸शेष पेज 10 पर

तारांदुल में तीन दिनों से शव दफन को लेकर चल विवाद और अंततः सुलझा

# कफन-दफन का विवाद सुलझा, 7 परिवार के 48 सदस्यों की मूलधर्म में हुई वापसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

विकासखंड के ग्राम तारांदुल में बीते तीन दिनों से शव दफन को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार सुलझ गया। विवाद के बीच मृत महिला के परिजनों सहित ईसाई धर्म अपनाए हुए सात परिवारों के कुल 48 लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी कर ली। इसके बाद गांव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

तारांदुल की धर्मांतरित महिला लक्ष्मी बाई पति रूप सिंह के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। परिजन महिला के शव को गांव में दफनाना चाहते थे, जिसका ग्रामीणों और समाज के लोगों द्वारा विरोध किया गया।



### मौके पर पुलिस बल भी तैनात रही

इस कारण गांव में तनाव की स्थिति बन गई और मामला लगातार चर्चा का विषय बना रहा। विरोध के चलते परिजन और ईसाई समुदाय के कुछ लोग रातोंरात शव को लेकर भानुप्रतापपुर के राजा तालाब स्थित ईसाई कब्रिस्तान भी पहुंचे और वहां दफनाने की तैयारी करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर के सनातन समाज के लोग भी कब्रिस्तान पहुंच गए और इसका विरोध शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। लगातार बढ़ते विरोध और तनावपूर्ण माहौल के चलते अंततः परिजनों को शव वापस लेकर गांव लौटना पड़ा। जिन परिवारों ने अब मूल धर्म में वापसी की है, उन्होंने कुछ वर्ष पहले गांव की पारंपरिक ▸▸शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## जनता की सुरक्षा होगी पहली प्राथमिकताः श्रीवास

**फरसगांव।** थाना में शनिवार को नए थाना प्रभारी के रूप में चन्द्रशेखर श्रीवास ने पदभार ग्रहण किया। जहां थाना स्टॉप ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । वही पुराने थाना प्रभारी विकासचन्द राय को विदाई दिया गया । पदभार ग्रहण करने के बाद चन्द्रशेखर श्रीवास ने कहा कि क्षेत्र में जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस का मूल दायित्व है, जिसके लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित लोग सीधे थाने आकर या फोन के माध्यम से मदद मांग सकते हैं, और उन्हें किसी दलाल या बिचौलिए की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

## पेड़ से गिरने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेंबानगांव निवासी 22 वर्षीय युवक अशोक नेताम पिता स्व अनिल नेताम की पेड़ से गिरने से मौत हो गई।



जानकारी अनुसार मृतक अशोक नेताम शनिवार को शाम करीब 4 बजे घर के पीछे बाड़ी में स्तिथ सियाड़ी पेड़ में चढ़ा हुआ था। और कुछ ही दूर में उसकी माँ और भाई महुआ बीन रहे थे। तभी अचानक पेड़ से कुछ गिरने की आवाज आई तो उन्होंने उस पेड़ के पास जाकर देखा तो उसका भाई पेड़ के नीचे बेहोस पड़ा हुआ था, उसके मुंह नाक और सर से खून निकल रहा था। आस पास के लोगों को आवाज देकर बुलाई। जांच करने पर उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद रात को परिजनों ने तत्काल फरसगांव थाना पहुचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर रात को ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु फरसगांव के चीरघर में रखा है। रविवार को जांच पंचनामा कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया ।

## डबरी में मिला युवक का शव, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम मरोड़ा निवासी 23 वर्षीय अर्जुन ध्रुवा पिता स्व. झिटकुराम का अज्ञात कारणों के चलते 6 मार्च की रात को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव ग्राम मरोड़ा के डबरी में देखा गया। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। मृतक की मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नही हो पाया है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महिला सशक्तिकरण व जागरुकता पर कर रहे कार्य**

# फरसगांव थाने के पुलिसकर्मियों ने केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को थाने में प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास की उपस्थिति में महिला पुलिसकर्मियों ने उल्लास के साथ केक काटकर विश्व महिला दिवस मनाया। थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने सभी महिला पुलिस कर्मियों को बधाई दी और बताया विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में थाना फरसगांव में कार्यरत महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ महिला कर्मचारियों के साथ शान्ति तौर पर उल्लास के प्रति केक काटकर इस दिवस को मनाया है। महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा महिला शसक्तिकरण, महिला सम्बंधी अपराध है या बालिका सम्बन्धी अपराधों के बारे में जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जा रहा है । इनकी इन्हीं मेहनत और लगन को देखते हुए इनके उत्साहवर्धन के लिए यह आयोजन किया गया था। इस दौरान उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल सहित सभी स्टाफ के लोग मौजूद रहे ।



## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में उत्साहपूर्वक मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**कोण्डागांव।** उपडाकघर कोंडागांव में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान उपसंभागीय निरीक्षक आर. एस. मिश्रा एवं शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता ने महिला कर्मचारियों को डायरी और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने महिलाओं की समाज और कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए और सभी महिला कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नम्रता बंधैया, मेघा ठाकुर, मुस्कान पटेल, पूजा सोरी, रोशनी पटेल, एसएल गोटी पोस्टमास्टर, सतेंद्र साव उपडाकपाल कोंडागांव नाका, नईम खान, डिकेश मिर्झा, दयाराम ध्रुव, अजय पांडे, गीतेश्वर राव, गुगुलोथ सतीश, रघुचंद नेताम सहित डाकघर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

## महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा मणि कंचन केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर मणि कंचन केंद्र कोंडागांव की सुपरवाइजर रूबी दास, अधिकार मित्र रंजन बेध, लोकेश यादव, पारेश्वर देवांगन एवं रविंद्र बघेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

**महिलाओं को बताए गए उनके कानूनी अधिकार** – कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा, संपत्ति में महिलाओं के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।



**निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी** – सचिव सुश्री गायत्री साय ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार के अन्याय, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में वे निडर होकर प्राधिकरण से संपर्क करें और अपने अधिकारों की रक्षा करें।

## अबीर-गुलाल और फाग गीतों के साथ प्रेस क्लब में मनाई गई होली



**फरसगांव/कोण्डागांव।** कोण्डागांव प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब में रविवार को होली मिलन समारोह उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फाग गीतों के साथ रंगोत्सव का आनंद लिया। समारोह में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, डॉ राजाराम त्रिपाठी आईफा संयोजक सहित कई अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार मौजूद रहे। नगाड़ों की थाप और रंग-गुलाल के बीच माहौल पूरी तरह होलीमय नजर आया और सभी ने मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

- कलेक्टर, एसपी, पूर्व मंत्री व नपा अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने दी एक-दूसरे को बधाई

इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर संवाद और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि त्योहार समाज में खुशियां और अपनापन लेकर आते हैं। होली जैसे पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे एवं पूर्व अध्यक्ष इसरार अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया और लाभान्वित किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के तालाबों और हैचरी का अवलोकन कर मछली पालन की गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से समृद्ध हो रहे किसान

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ग्राम चुरेगांव कैंप की निवासी सरस्वती बाला को नवीन फिन फिश हैचरी की स्थापना के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। ग्राम चुरेगांव कैंप के कृषक मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बीज उत्पादन एवं मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम सातगांव के श्री गंगाधर नेताम को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पोंड लाइनर तकनीक की स्थापना के लिए कुल 14 लाख



रुपये की लागत में 8 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। इस तकनीक के माध्यम से वे कम स्थान में मछली उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं वहीं ग्राम पल्ली के पकलू मरकाम ने अपनी भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन को आगे बढ़ाया है। वे मछली पालन के साथ-साथ मुर्गी पालन, सूकर पालन तथा कृषि एवं सब्जी-फल की खेती के माध्यम से समन्वित खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका सुदृढ़ हुई है। इस तरह मत्स्य पालन विभाग द्वारा राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित करते हुए उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश कुमार देवांगन, सहायक उद्यानिकी विस्तार अधिकारी लोकेश्वर ध्रुव, नवदीप ठाकुर, महेश बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में नन्हे बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोंगरीपारा करंजी में नन्हे छात्र–छात्रओं ने रंगों के पर्व होली को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने लाल, पीले, नीले और हरे गुलाल से वातावरण को रंगीन बनाते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम, स्नेह और एकता का संदेश दिया। वनांचल क्षेत्र में स्थित इस छोटे से प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने अपने शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक टी. एंकट राव तथा शिक्षिका सारिका वैष्णव के मार्गदर्शन में होली का पर्व मनाया। बच्चों ने रंग–बिरंगी टोपियां पहनकर और अपनी हथेलियों को विभिन्न रंगों से सजाकर एक बड़े केनवास पर अपनी हथेलियों की छाप अंकित की। साथ ही रंगीन गुलाल से अलग–अलग आकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मकता का

- रंगों के साथ भाईचारा, प्रेम और एकता का दिया संदेश
- रंगों और परंपराओं के साथ अनोखा उत्सव





### प्रकृति, सामूहिकता और अनुशासन का संदेश

कार्यक्रम के दौरान टी. एंकट राव ने विदयों को संबोधित करते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था, सामूहिकता और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने साहित्यकार प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी के लेख के अंशों का उल्लेख करते हुए कहा कि होली जीवन की संपूर्णता का उत्सव है, जिसमें मित्रता, करुणा और मानवता के रंग भी शामिल होने चाहिए।

### मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्रओं को मिष्ठान वितरित किया गया और सभी ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल रंगों का उत्सव रहा, बल्कि उन्हें परंपराओं, रचनात्मकता और आपसी सद्भाव का संदेश भी देने वाला बना।

# विद्यार्थियों को स्वरोजगार व स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला एवं कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, अकादमिक उद्योग एकीकरण प्रकोष्ठ, कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग समिति तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उद्योग अधिकारी श्री हिमालय सेठिया ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल नौकरी की अपेक्षा करने के बजाय स्टार्टअप और स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. आकाश वासनीकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. देवाशीष हालदार, प्राध्यापक लोचन सिंह वर्मा, हुमन राम यदु, पुरोहित सोरी, शोभाराम यादव, रूपा सोरी, विनय कुमार देवांगन, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं की जानकारी

प्रबंधक कुसुमलता नेताम ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी लघु उद्योग स्थापित करना चाहते हैं तो जिला उद्योग केंद्र उन्हें योजना चयन, परियोजना निर्माण, प्रशिक्षण तथा बैंक ऋण प्राप्त करने में पूरा सहयोग देता है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 35ः तक सब्सिडी

सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मिलने वाली 35 प्रतिशत तक कडी अधिकतम 10 लाख रुपये की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग जैसे अचार, पापड़ मसाला निर्माण, बेकरी एवं मिलिंग जैसे व्यवसाय कम लागत में शुरू किए जा सकते हैं और इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

### विद्यार्थियों को दिया गया कैरियर मार्गदर्शन

कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग समिति के प्रभारी प्रो. नसीर अहमद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि सही दिशा और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल और रुचि के अनुसार उद्यमिता की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया।

### महिला से छेड़छाड़ व लूटपाट ...

सीजी 05 एएल 8186, लूटपाट की गई मोबाईल, पर्स एवं एक हजार रूपएं नगद को जप्त किया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी हरेन्द्र पोया इसके पूर्व भी थाना कोरर के हत्या जैसे अपराध कर जेल की सजा काट चूका है एवं वर्तमान में एक अन्य अपराध में फरार था आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपियो द्वारा अपराध कारित करना कबूल करने पर 8 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी कोरर थानांतर्गत ग्राम हरनपुरी निवासी 25 वर्षीय हरेन्द्र कुमार पोया पिता सुरेश पोया और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया।

उक्त कार्यवाई में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, सउनि छत्रपाल सिंह साहू, उमेश वर्मा, प्रआर योगेश मंडावी, आर मनोज साहू, तिलक मेश्राम, केतन ठाकुर, मआर राजकुमारी तारम और रामचंद उईके का अहम भूमिका रहा।

### भाजपा के संरक्षण में नशे ...

इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश के गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की गई है। पुलिस इन गतिविधियों को रोकने के बजाय सहयोगी की भूमिका निभा रही है। जबकि कांग्रेस सरकार के समय राज्य में चल रहे हुक्का बार बंद कराए गए थे और सूखे नशे के कारोबार पर काफी हद तक रोक लगाई गई थी। पिछले 13 महीनों में राज्य में नारकोटिक्स से जुड़े 2599 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें से अधिकांश मामलों का खुलासा सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ। आरोप है कि सरकार का इंटेलिजेंस तंत्र और प्रशासन इस मामले में मौन है और कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि गुजरात का मुद्रा पोर्ट देश में अवैध ड्रग्स के कारोबार का बड़ा केंद्र बन चुका है, जहां से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रास्ते ड्रग्स देश के विभिन्न हिस्सों सहित छत्तीसगढ़ तक पहुंच रहा है।

### बढ़ती महंगाई पर कांग्रेस ...

काम नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है। सरकार की गलत नीतियों की कारण महंगाई बढ़ रही है। पुतला दहन में प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप, प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, उदय प्रकाश शर्मा, हेमंत ध्रुव, गफ्फार मेमन, अजय भासवाणी, संग्राम नेताम, मनोज जैन, नंदू राठी, विजय यादव, गोपाल राठी, मनीष योगी, मुकेश तिवारी, मतीन खान, भरती सलाम, राजू दुबे, सुमित राय, जितेंद्र वैध, गणेश मिथुन सोनी, सोमेश सोनी, लतीफ मेमन, पांचू नायक और अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**पेज 9 के शेष**

### डाइट में राष्ट्रीय गणित एवं ..

और मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में रामभरोस टांडीया प्रथम, रिभा मंडल द्वितीय और मुकेश डाकुआ तृतीय रहे। मॉडल प्रदर्शनी में कौशल कुमार प्रथम, निकिता मनहर द्वितीय तथा रोशनी निर्मलकर तृतीय रहीं।

रंगोली प्रतियोगिता में अजय पटेल प्रथम, जमुना पैकरा द्वितीय और टुकेश्वरी सिंहा तृतीय रहीं, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में निकिता मनहर प्रथम, आयशा द्वितीय और रोशनी निर्मलकर तृतीय रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डाइट के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### आवास एवं रोजगार योजना ...

पात्र परिवार को समय पर योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते रहने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सहायक अंकुर बघेल ने पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों, आवास योजना की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कई आवासों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और शेष आवासों को भी जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। आवास एवं रोजगार दिवस के इस आयोजन से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का संकल्प भी दोहराया गया।

ग्राम पंचायत राऊरवाही में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

### जन्मदिन मनाने निकले ...

बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौके पर पुलिस बल भी तैनात रही

संस्कृति, पूजा-पद्धति और देवी-देवताओं को छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया था। रविवार को गांव के गायता, पटेल, मांझी-मुखिया, समाज प्रमुखों और ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर उनका स्वागत किया गया और उन्हें पुनः मूल धर्म में सम्मिलित किया गया। तारांदुल निवासी शिव प्रसाद गोटा ने बताया कि गांव में चल रहे विवाद के बीच यह खुशी की बात है कि सात परिवारों के 48 सदस्यों ने अपनी संस्कृति और परंपरा को फिर से अपनाया है। उन्होंने कहा कि गायता, पटेल और मांझी-मुखिया की अगुवाई में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने भी बताया कि गांव के समाज प्रमुखों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सभी लोगों को मूल धर्म में शामिल किया गया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक ...

उसके सिर और गले में चोट लगी और दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह, हरदीप सिंह और दुर्गसाय कड़ियाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार किए साझा व सामाजिक जागरूकता पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रतिभा मंच स्वयं से भी संस्थान में महिलाओं की भूमिका, सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के किरण झा उपस्थित रहीं, जबकि विशेष अतिथि सुलेखा पाठक तथा रेखा ठाकुर शामिल हुई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण झा ने कहा कि आज की महिलाएं घर और बाहर दोनों स्थानों पर विभिन्न परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए परिवार और समाज दोनों का सहयोग मिलना चाहिए। विशेष अतिथि सुलेखा पाठक और रेखा ठाकुर ने भी महिलाओं से समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया का उपयोग बहुत बढ़ गया है, इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों और बेटों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के लिए जागरूक करें। इससे बच्चे और महिलाएं समाज तथा अपने कार्यक्षेत्र में अधिक सुरक्षित रह सकेंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पुरुषों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम की संचालिका हेमलता वैष्णव ने बाल उत्पीड़न से बचाव, साइबर अपराधों से सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को पुलिस के महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर याद रखने और उन्हें अन्य लोगों के साथ साझा करने की भी सलाह दी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कई महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए।

## महिलाओं के समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर विचार व्यक्त किए

### ये उपस्थित रहीं

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक बनाना, उनकी सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करना और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना रहा। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. पूर्वा शर्मा, विजय लक्ष्मी कौशिक, रामेश्वरी गौतम, पूनम यादव, ममता प्रसाद, सुनीता चोपड़ा, केवी मंडल, बबीता ठाकुर, वीणा साहू, कुसुम सरकार, राधा सिन्हा, भावना हड़प, रश्मि प्रधान, रजनी पाठक, रश्मि दुबे, गरिमा पाठक, प्रतिष्ठा ठाकुर, सुमिता पांडे एवं कृष्ण नाग सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।



## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने आजीविका डबरी निर्माण प्रारंभ



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा के ग्राम पंचायत करेकोट निवासी पीलाराम साहित अन्य ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यक्तिगत आजीविका डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य विशेष रूप से हितग्राहियों को स्थायी आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आजीविका डबरी के माध्यम से हितग्राही मछली पालन, साग-सब्जी उत्पादन, पशुपालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। पीलाराम कहते हैं कि निर्धन किसान परिवारों के लिए शासन की यह पहल मेहनत और लगन से आर्थिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने अपनी डबरी बन जाने के बाद मछलीपालन करने सहित साग-सब्जी पैदावार लेने और डबरी के मेड़ पर केले एवं पपीते जैसे उद्यानिकी पौधे लगाने की बात कही।

### सेवानिवृति के बाद राशि के लिए चक्कर लगा रहे कर्मचारी

**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने निगम



प्रशासन पर कर्मचारियों के वेतन की अनदेखी को लेकर आलोचना की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए निगम प्रशासन के पास समय पर पैसा उपलब्ध नहीं रहता है । कर्मचारियों को तीन माह तक वेतन भुगतान नहीं किया जाता है । पार्षदों का मानदेय समय पर देने के लिए असक्षम निगम प्रशासन दो भवन उपलब्ध होने के पश्चात भी किराए का स्थल कृष्णा गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम किया गया। यह फिजूल खर्ची है । अनेक सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का ग्रेचयूटी का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। ऐसे कर्मचारी सेवानिवृत के बाद भी बार-बार कार्यालय में आकर गुहार लगाते है। उनका भुगतान किया जाना ज्यादा उचित होगा ऐसे फिजूल खर्ची करने की बजाय।

### सरकारी विद्यालयों के बच्चे पढ़ेंगे अखबार

**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनीष



पारख ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर सभी सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। इस पत्र पर शिक्षा मंत्री ने कार्यवाही करते हुए पृथक से बजट का प्रावधान किये जाने की अनुशंसा की है। मनीष पारख ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल तकनीक के दौर में बच्चे किताबों की बजाय मोबाईल और लैपटॉप पर ज्यादा ध्यान देते हैं, यह चिंता का विषय है। अखबार पढ़ने की रूचि और आदत विकसित करने पर विद्यार्थियों को देश-दुनिया की घटनाओं, सामाजिक गतिविधियों और समसामयिक विषयों की जानकारियां मिलेगी। उन्होंने शिक्षा मंत्री का आभार माना हैं।

### आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी बस्तर इकाई के नेताओं ने बस्तर पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बस्तर क्षेत्र में अन्य राजनीतिक दलों की तरह आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी समान सुरक्षा और प्रोटोकॉल प्रदान करने की मांग की। नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी राजनीतिक दलों को समान अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी दल के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी लंबे समय से बस्तर के दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं को सामने लाने का काम कर रही है।

## साधुमिचगांव, सुरूंगदोह और कोड़ेखुर्से क्षेत्र के स्कूलों में छात्रों से पूछे विभिन्न सवाल

# सुदूर अंचल के विद्यालयों का डीईओ रमेश ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों का जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने शनिवार 7 मार्च को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने साधुमिचगांव, सुरूंगदोह और कोड़ेखुर्से क्षेत्रों में स्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का गहन अवलोकन किया, जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय साधुमिचगांव, पीएमश्री कोड़ेखुर्से, माध्यमिक शाला कोड़ेखुर्से तथा सेजेस कोड़ेखुर्से शामिल रहे।

निरीक्षण के समय डीईओ रमेश ने कक्षाओं में उपस्थित छात्रों की शैक्षणिक प्रगति का सूक्ष्म निरीक्षण किया और उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ-साथ आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए। प्राथमिक विद्यालय साधुमिचगांव में उन्होंने कक्षा चौथी के बच्चों से श्वेत प्रकाश के रंगों बैजानीहपीनाला के रंगों का पूर्ण नाम हिंदी और अंग्रेजी में पूछे, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए। उन्होंने छात्रों से बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं, यह भी जाना और उनकी महत्वाकांक्षाओं को सुनकर प्रेरित किया। कक्षा पांचवीं के छात्रों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया, जबकि कक्षा तीसरी के बच्चों से पहाड़ा सुनकर उनकी गणितीय समझ की जांच की। उच्च कक्षाओं अर्थात छठवीं, सातवीं और आठवीं के छात्रों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया।



### नियमित स्कूल आने की दी समझाइश

सभी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और उसके अनुरूप नियमित एवं लगनपूर्ण अध्ययन करने की सलाह दी। उन्होंने शाला परिसर की स्वच्छता तथा सुंदर गार्डनिंग की खुलकर प्रशंसा की और शिक्षकों की अथक मेहनत एवं समर्पण को विशेष रूप से सराहा। पीएमश्री प्राथमिक स्कूल कोड़ेखुर्से तथा माध्यमिक विद्यालय कोड़ेखुर्से में उन्होंने बच्चों के साथ खुले मन से संवाद किया और एक परिचय सम्मेलन का आयोजन भी करवाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, बस आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चा अपना स्पष्ट लक्ष्य तय करे और उसी दिशा में अटूट समर्पण के साथ पढ़ाई करे।

### शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

निरीक्षण के अंतिम चरण में शिक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने उनके द्वारा किए जा रहे दैनिक अध्यापन कार्यों, वार्षिक परीक्षा की तैयारियों तथा प्रयास, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और विभिन्न स्तरों परए सुधार के सुझाव भी प्रस्तुत किए। निरीक्षण के दौरान सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, जनपद सदस्य अमृता कोटलिंगा, एसएमसी उपाध्यक्ष रघुनंदन गोस्वामी, सहायक ग्रेड-दो रिशु जाड़े एवं नितेश कोड़ोपी उपस्थित रहे।

## बिना पानी सप्लाई के बाजार की नीलामी में चहेतों को लाभान्वित करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

- पंचों ने एसडीएम एवं जंप सीईओ को ज्ञापन सौंपाकर आवंटन निरस्त करने की मांग

जंप कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे कापसी के वार्डपंचों ने आदिवासी महिला सरपंच एवं सरपंच पति पर बाजार, पानी सप्लाई को बिना नीलामी कर अपने चहेतों को देकर नियम विरुद्ध कार्य कर पंचायत के सभी कार्य में दखलंदाजी कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम पखांजुर एवं जंप सीईओ को कार्यवाही करते हुए हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा। दूसरी ओर आदिवासी महिला सरपंच प्रेमा बसंत जुर्री एवं सरपंच पति बंसत जुर्री ने वार्डपंचों के द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच पति ने गांव में कार्य कराने के लिए तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाया हुआ है। पंचायत के सारे काम सरपंच पति द्वारा किए जा रहे है। दूसरी ओर ग्राम पंचायत छोटे कापसी की सरपंच प्रेमा जुर्री और पति बसंत जुर्री ने उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर पंचायत के विकास कार्यों को बाधित करने और माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। सरपंच प्रेमा जुर्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक सही तरीके से पहुंचे, इसके लिए वे लगातार काम कर रही है, लेकिन कुछ शिकायतकर्ता ऐसे हैं जो ग्रामीणों को योजनाओं से वंचित रखने की रणनीति बनाते हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके खिलाफ लिखित शिकायत प्रस्तुत कर दी गई। साप्ताहिक बाजार टैक्स और नल-जल योजना को लेकर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। उनके अनुसार पंचायत के सभी कार्य शासन के नियमों के अनुसार किए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं की गई है। सरपंच के पति का कहना है कि जो वार्ड पंच उनके खिलाफ शिकायत करने गए हैं।

# महिलाओं को वस्त्र और अन्य उपहार देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा की गई समाज सेवाएं लीक से हटकर रहती है, जिसमें नयापन होता है, इसलिए अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके कार्यकर्ता अधिक प्रशंसा के पात्र होते हैं। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन सहयोग ने एक नई राह दिखाई। उन्होंने समाज के गरीब तबके की महिलाओं का सम्मान करने का निश्चय किया और इस निश्चय पर अमल करने के लिए वे अपनी टीम लेकर शहर की निर्धन बस्ती अटल आवास पहुंचे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गरीब महिलाओं से मुलाकात कर जो लोगों के घरों में काम करती हैं या खुद का छोटा-मोटा काम करती हैं, कुछ ऐसी भी हैं, जो लाचारी में भिक्षावृत्ति से गुजारा करती हैं। अजय पप्पू मोटवानी ने वहीं एक छोटा सा सादगी भरा प्रोग्राम आयोजित कर सबको महिला दिवस के विषय में बताया और उनका सम्मान करते हुए वस्त्र आदि उपहार में दिए। सब ने वहीं बैठकर नाश्ता भी किया। पप्पू मोटवानी ने बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। त्रिलोचना टांडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम लोग पप्पू भाई को अच्छे से जानते हैं, क्योंकि वह सब के सुख-दुख में साथ देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। बिना किसी भेदभाव के सब की सेवा करते हैं। कुछ रोजेदार मुस्लिम महिलाएं भी उनमें थीं ,जिन्होंने नाश्ता लेने से तो विनम्रता पूर्वक इनकार किया लेकिन आशीर्वाद देने में आगे रहीं।

कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक टीके जैन, राजेश चौहान शैलेंद्र देहारी, मनोज कुमार दुबे आदि वरिष्ठ समाजसेवी सक्रिय थे।

# पीएमश्री विद्यालय सेजेस का जिपं सीईओ हरेश ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



पीएमश्री विद्यालय सेजेस भानुप्रतापपुर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उनके विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रशासनिक टीम ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने विद्यालय के फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं मैथ्स लैब का गहन निरीक्षण किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों की सतत शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना हमर लक्ष्य के तहत आगामी परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नियमित मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शौचालय व्यवस्था, पेयजल सुविधा और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने इन व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स कक्ष और म्यूजिक कक्ष का भी अवलोकन करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नवनीत पटेल, प्राचार्य पीआर भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल तथा सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। निरीक्षण कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह का वातावरण पैदा किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए नई प्रेरणा प्रदान की।

## कुम्हारपारा में उपकेन्द्र का निर्माणाधीन कार्य अंतिम चरण में



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन के कुम्हारपारा क्षेत्र लगभग 10 हजार उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने, फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से निराकरण के लिए उपकेन्द्र का निर्माणाधीन कार्य अंतिम चरण में हैं। उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति शुरू होगी, जिससे 10 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और लोकल फाल्ट ओवरलोडिंग से राहत मिलेगी।

प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कुम्हारपारा में उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय सीमा में निर्माण पूरा करें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में लैंगिक संवेदिकरण पर एफडीपी का शुभारंभ

- विशेषज्ञों ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार
- उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में लैंगिक संवेदिकरण विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शिक्षकों और प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विषय की गंभीरता और प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के अतिरिक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमिता एवं खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार रजिया शेख ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना नाथ ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए एफडीपी के उद्देश्यों और लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ योगेन्द्र मोतीवाला ने अपने वक्तव्य में लैंगिक संवेदिकरण की पृष्ठभूमि और इसके सामाजिक महत्व को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि ने भी अपने संबोधन में समाज में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता ने ग्लास सीलिंग तोड़ना उद्यमिता और महिलाएं" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि महिलाओं को समाज और परिवार में स्वयं को स्थापित करने के लिए कई चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने तथा कम आयु से ही उनमें आत्मविश्वास और कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में डॉ. श्यामाचरण ने आभार प्रदर्शन किया, जबकि पूरे कार्यक्रम का संचालन बबीता दीवान ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411